दिनांक 11.08.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

भिलाईनगर/ छ.ग शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय नया रायपुर द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार 15 अगस्त 2017 स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन शासन के निर्देशानुसार निगम मुख्य कार्यालय में महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी.श्याम सुन्दर राव सहित महापौर परिषद के सदस्य पार्षद एवं एल्डरमेन तथा अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रातः 7.30 बजें ध्वजा रोहण किया जायेगा। इसके पूर्व निगम के समस्त जोन कार्यालय में प्रातः 7 बजें वार्ड समिति के अध्यक्ष द्वारा ध्वजा रोहण किया जायेगा।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने कलेक्टर जिला दुर्ग द्वारा जारी परिपत्र के परिपालन में आदेश जारी कर स्वस्थ्य अधिकारी जोन आयुक्त को निर्देशित किया है कि शहर की साफ–सफाई व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त करते हुए चौक चौराहो पर लगे महापुरूषों की प्रतिमा तथा शहीद स्मारक स्थल की साफ–सफाई एंव धुलाई करवाकर माल्यार्पण करते हुए देशभक्ति गीतों का आयोजन करें। साथ ही शासकीय कार्यालय भवनों मे स्वतंत्रता दिवस कि पूर्व संध्या पर प्रकाश व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा।

जन सम्पर्क अधिकारी